उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में धूमधाम से मनाया हिन्दी उत्सव

उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में धूमधाम से मनाया हिन्दी उत्सव

राजकीय महाविद्यालय संजौली के हिंदी विभाग द्वारा 14 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय के सभागार में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के आचार्य व विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन व गणेश स्तुति के साथ हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. बविता ठाकुर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी

अतिथियों का स्वागत किया। विभाग के विद्यार्थियों ने कबीर वाणी , 'अपना रास्ता लो बाबा ' कहानी पर आधारित लघु नाटिका के साथ ही अनेक अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों संबन्धी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

महाविद्यालय में इस कार्यक्रम पर एक अनूठी प्रस्तुति रही जिसने हिमाचल के

ज़िलों की लोक संस्कृति को एक मंच के माध्यम से दिखाया। इस प्रस्तुति का नाम हिमाचल की लोक संस्कृति एक परिदृश्य था। विद्यार्थियों ने पारम्परिक वेशभूषा के साथ अपने अपने ज़िले के रीति रिवाजों को दिखाया।ये प्रस्तुति दर्शकों को बहुत पसन्द आयी। कुल्लवी व शिमला नाटी इस कार्यक्रम की अन्तिम प्रस्तुति रही। प्रो. भागड़ा ने हिंदी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शुभाशीष संबन्धी अपना वक्तव्य दिया और विभागाध्यक्ष डॉ बविता ठाकुर , प्रो अरुण प्रो सुभाष की इस बेहतरीन कार्यक्रम के आयोजन के लिये सराहना की। इसमें हिन्दी विभाग द्वारा पिछले सप्ताह में करवाई गई भाषण, काव्य पाठ , नारा लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे गए। हिंदी विभाग से सहायक प्रोफेसर अरुण शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व इसे आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

करता तो उस पर निगम कार्रवाई भी अमल में लाने वाला है

भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम शिमला

संजौली कालेज में शिमला-कुल्लवी नाटी से जमाया रंग

शिमला। राजकीय महाविद्यालय संजौली के हिंदी विभाग ने गुरुवार को महाविद्यालय के सभागार में हिंदी दिवस का आयोजन किया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के आचार्य व विद्यार्थी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन व गणेश स्तुति के साथ हुआ। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बविता ठाकुर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। विभाग के विद्यार्थियों ने कबीर वाणी, अपना रास्ता लो बाबा कहानी पर आधारित लघु नाटिका के अलावा कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। महाविद्यालय में इस कार्यक्रम पर एक अनूठी प्रस्तुति रही जिसने हिमाचल के 12 जिलों की लोक संस्कृति को एक मंच के माध्यम से दिखाया।

हिंदी भाषा से होगा भारतीय संस्कृति का पोषण

शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अंबेडकर भवन के हिंदी विभाग में गुरुवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर एक ...